हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 23 साल बाद इस बार सावन सोमवार और नागपंचमी का दुर्लभ संयोग



## खबर संक्षेप

### शराबी बाइक व कार चालक पर 10-10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई जारी है। इस बीच शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वाले एक बाइक व कार चालक पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग मोटरसायकल क्रमांक जेएच 01 डीबी 9302 के वाहन चालक यूपी गाजीपुर निवासी 34 वर्षीय बृजकिशोर सिंह यादव आ. रामेश्वर सिंह शराब के नशे में धुत पाया गया। इसी तरह चेकिंग दौरान कार क्रमांक यूपी 61 एडी 2493 के चालक दरिमा नवानगर निवासी 19 वर्षीय विरेंद्र गिरी आ. राजकुमार भी नशे में धुत पाया गया। दोनों चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से दोनों वाहन चालकों पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### घर में घुसकर मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम पतरापरा निवासी राज मोहम्मद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 19 जुलाई को उसका पुत्र अमरजद खान ज्ञान गंगा स्कूल के पास खड़ा था। इस दौरान आरोपी अंकित तिर्की उर्फ गोलू पुआने पैसों के लेनदेन को लेकर गाली गलौज और मारपीट करे के बाद गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। जब युवक वहां से निकलकर घर पहुंचा तो अओर्पी ने घर में घुसकर मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने मिशन रोड निवासी 34 वर्षीय अंकित तिर्की उर्फ गोलू तिर्की को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 333 एवं 331(1) के तहत गिरफ्तार किया है।

### मोबाइल दुकान से चोर दिन दहाड़े ले उड़ा कीमती मोबाइल

**सेदम।** मुख्य बाजार स्थित एक मोबाइल से ग्राहक बनकर आए चोर ने दिन दहाड़े कीमती मोबाइल को पार कर दिया। हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।सीतापुर अंतर्गत प्रतापगढ़ निवासी राजन अग्रवाल बतौली में मोबाइल एवं रिपेयरिंग दुकान का संचालन करता है। दुकान में एक युवक ग्राहक बनकर पहुंचा जो दुकान के कर्मचारी को बातों में उलझाकर काउंटर पर रखा मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया। मोबाइल 23 हजार की बताई जा रही है जबकि संचालक दुकान के दूसरी ओर मोबाइल रिपेयरिंग कर रहा था। कीमती मोबाइल दुकान से चोरी होने की जानकारी लगने पर संचालक के होश उड़ गए। संचालक तत्काल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो चोर मोबाइल ले जाते नजर आया। दुकान संचालक ने घटना की सूचना बतौली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर तलाश शुरू कर दी है।

### लोक निर्माण विभाग करा रहा बंद

# दुर्घटना से बचने बंद कराया गया खुला डिवाइडर, लोगों ने दूसरे दिन ही तोड़ डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अधिकारियों को नहीं है इसकी जानकारी

शहर के रिंग रोड में दुर्घटना संभावित डीवाईडर को बंद करने के बाद अब लोग अपनी मनमानी पर उतर आए है। लोगों द्वारा खुद ही बंद किए गए डीवाईडर को खोलने का काम किया जा रहा है। आलम यह है कि लोगों द्वारा बेखौफ होकर डीवाईडर को तोड़ दिया जा रहा है और ईंट तक उठाकर ले जा रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। अब अधिकारी जांच की बात कह रहे है।

बता दें कि शहर 11 किलोमीटर लम्बे रिंग रोड में जगह जगह डीवाईडर को खुला छोड़ा गया है ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो सके। ज्यादातार डीवाईडर ऐसे जगह पर खुले छोड़े गए है जहां पर गलियों और मोहल्लों की सड़क आकर मिलती है लेकिन रिंग रोड़ निर्माण के दौरान उंचा हो गया था। यही वजह है कि गली मोहल्लों से निकलने वाली सड़क आम तौर पर काफी चढ़ान पर है। यही वजह है कि लोग गलियों से निकलते समय काफी रफ़्तार में होते है और यही रफ्तार हादसे का कारण बनती है। गली मोहल्ले से निकलकर लोग रिंग रोड पर आकर खुले हुए डीवाईडर से मुड़ने का प्रयास करते है। ऐसे में आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार होते है। रिंग रोड पर तेज गति से गली से निकलने या फिर अचानक लापरवाही पूर्वक गली में उतरने के लिए गाड़ी मोड़ने के कारण हुए हादसों में लोगों की मौत भी हो चुकी है। रिंग रोड पर डीवाईडर के खुले हिस्से में होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का सर्वे करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा 40 ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया जहां डीवाईडर खुले हुए है और दुर्घटनाएं होती है। कलेक्टर ने इन सभी दुर्घटनासंभावित स्थानों के डीवाईडर को बंद करने के निर्देश दिए गए है और लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रूपए की लागत से रिंग रोड के डीवाईडर को बंद करने का काम भी किया जा रहा है।



जेसीबी से मलबा उठाकर ले जाते।

### कहीं विरोध तो कहीं खुद तोड़ रहे लोग

रिंग रोड के डीवाईडर को बंद करने पर लोगों द्वारा विरोध किया गया है और लोक निर्माण विभाग को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। नवापारा गली के सामने डीवाईडर बंद करने के विरोध की घटना सामने आ चुकी है लेकिन विभाग का दावा है कि 50 प्रतिशत खुले हुए डीवाईडर को बंद कर दिया गया है। इसके लिए ईंट से डीवाईडर बनाया जा रहा है लेकिन अब लोगों द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है। लोग खुद ही बेखौफ होकर शासकीय राशि लगाकर बनाए गए डीवाईडर को तोड़ने का काम कर रहे है। सोमवार को रिंग रोड पर पाइप फैक्ट्री के सामने बंद किए गए डीवाईडर को तोड़ दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि डीवाईडर तोड़ने की जानकारी लोक निर्माण विभाग को नहीं है। अधिकारी इस बारे में कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। लोगों ने डीवाईडर तोड़ने के बाद ईंट व मलबे को भी खुद से ही हटा लिया ऐसे में सवाल उठता है कि दुर्घटनाओं को लेकर प्रसाशन द्वारा उठाए गए कदम का क्या होगा।

### कराई जाएगी जांच

डिवाइडर को बंद करने का काम चल रहा है। दिखवाता हूं, अगर ऐसा है तो जांच कराई जाएगी।

-वीरेंद्र चौधरी
ईई लोनिवि

# पार्क में घूमने आई युवती पर जानलेवा हमला, चाकू से रेता गला

### गंभीर हालत में किया गया रिफर, बाइक सवार दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार की देर शाम नगर के नेहरु पार्क में एक युवती पर जानलेवा हमला कर दिया गया। बाइक से आए युवकों ने लड़की के गर्दन पर चाकू से हमला कर उसका गला रेतने का प्रयास किया। इस दौरान शोर मचाने से आरोपी भाग निकले। इधर आस पास मौजूद लोगों ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। फिलहाल घायल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम 8 बजे एक युवती शहर के नेहरु पार्क में घूमने आई हुई थी। इसी दौरान बाइक से पहुंचे दो अज्ञात युवकों ने युवती पर जानलेवा हमला करते हुए उसका गला रेतने का प्रयास किया। इस दौरान युवती द्वारा शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले। घटना के बाद आनन फानन में युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल युवती का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह युवती पर जानलेवा हमला किए जाने से जिले में कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है।



### नहीं हो पाई पहचान, कारण अज्ञात

इस हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हुई है और उसका गला कट गया है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है लेकिन उसका नाम राधिका बताया जा रहा है। इधर इस घटना के कारणों का भी अब तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### चल रही है जांच

मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने घटना को अंजाम दिया है,ऐसा बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-योगेश पटेल, एसपी, सूरजपुर

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल कैद

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को अलग अलग धाराओं में अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया नालाबिग 20 जुलाई 2022 को घर से कापी किताब लेने की बात कहकर घर से निकली थी और अपने भाई को बताकर बस में बैठकर अंबिकापुर आ गई गई। इसके बाद छात्रा घर नहीं लौटी थी जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरान्त नाबालिग छात्रा को मैनपाट के नर्मदापुर दातीढाप निवासी 19 वर्षीय विमल खाखा आ. निर्मल खाखा के पास से 26 जुलाई को बरामद किया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर दो वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था। इस दौरान छात्रा गर्भवती भी हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया था। शनिवार को इस प्रकरण की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषण श्रीवास्तव ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 363, 366, 376(2)(ढ), 376(3) एवं पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही अर्थ दंड लगाया है। वहीं कोर्ट ने छात्रा को क्षतिपूर्ति योजना के तहत पांच लाख रूपए की क्षतिपूर्त राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है।

# कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विवेचकों को बताए अनुसंधान के तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रशिक्षु एसआई, विवेचकों को दिया गया प्रशिक्षण

अपराधों की गुणवत्ता पूर्ण विवेचना एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु सरगुजा जिले के विवेचकों को बेहतर अनुसंधान के तौर तरीके बताने के साथ ही विवेचना की बारीकी त्रुटियों को बताकर उन्हें दूर करने रविवार को पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, प्रथम अपर सत्र न्यायधीश श्रीमती ममता पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लव रघुवंशी, प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती कल्पना भगत शामिल हुए।

इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजपूत ने विवेचको को मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के नियमों, ई साक्ष्य का उपयोग, घटनास्थल में टेस्टिंग किट के उपयोग के तौर तरीके, साक्ष्य अधिनियम के तहत लिए जाने वाले मेमोरंडम पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। परिस्थिजन्य साक्ष्य के मामलो में विवेचना बेहतर तरीके से करने, साथ ही किस आधार पर अपराध को प्रमाणित किया जा सकता है इसका ध्यान रखा जाए, सभी साक्ष्य का एक लिंक में जुड़ना आवश्यक है इसका ध्यान रखा जाए, घटनास्थल के बारे में विवेचक एवं एफएसएल टीम को स्पष्ट जानकारी वर्णित करने की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विवेचको द्वारा केश डायरी न्यायालय में प्रस्तुत करते समय सीलबंद हालत में जमा करें, नजरी नक्शा बनाते समय अपराध से सम्बंधित जानकारी प्रदान की जाए, विवेचक मोबाइल के माध्यम से घटनास्थल का फोटो ले ले ताकि गवाही के समय में जानकारी देना आसान हो, पुलिस टीम द्वारा आहत एवं आरोपी का ब्लड ग्रुप पता कर लिया जाए, एवं घटनास्थल से जप्त प्रदर्शो से अवश्य मिलान करवाये, गवाहों के सामने प्रदर्शो को जप्त सीलबंद करें, घटना का महत्वपूर्ण तथ्य अवश्य लिखें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विवेचना के सम्बन्ध में कहा कि गिरफ्तारी के नियमो का पालन करना हर विवेचक की जिम्मेदारी है। महिलाओ की गिरफ्तारी रात्रिकाल के दौरान ना हो, तय समय के भीतर रिमांड न्यायालय में पेश किए जाए, पुलिस रिमांड लेने विवेचक स्वयं कोर्ट में उपस्थित हो एवं पुलिस रिमांड ख़तम होने पश्चात भी विवेचक पुलिस रिमांड अवधि के खत्म होने से पहले ही कोर्ट में उपस्थित हो। बाहर से आरोपियों को लाने से पूर्व सम्बंधित कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड अवश्य प्राप्त करें, हथकड़ी के उपयोग के दिशा निर्देश की जानकारी विवेचको को प्रदान की गई। 7 साल एवं उससे कम के ⏭ शेष पेज 4 पर




# अब स्कूल में ही कराई जाएगी मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने दिए ऑनलाइन क्लास की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

सरगुजा में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूलों में ही ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने इस दिशा में विशेष पहल की है। शनिवार को कलेक्टर अजीत वसंत ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया जिले के छात्र-छात्राएं मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उन्हें अब जिले के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में ग्यारहवीं के छात्रों को ऑनलाइन क्लासेस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालय प्राचार्यों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी, पृथक कक्ष, बड़ी स्क्रीन सहित सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उन्होंने रायपुर में नीट एवं जेईई की तैयारी कर रहे जिले के विद्यार्थियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बार-बार प्रश्नों का अभ्यास कराया जाए तथा नियमित टेस्ट सीरीज उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में उनका प्रदर्शन बेहतर हो सके। कलेक्टर ⏭ शेष पेज 4 पर




### हाई स्कूल में अतिथि व्याख्याताओं की होगी व्यवस्था

कलेक्टर श्री वसंत ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में डीएमएफ मद से 26 अतिथि व्याख्याताओं की स्वीकृति दी है, उन्होंने भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कलेक्टर ने शाला विकास समिति के माध्यम से अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा विद्यालय छोड़ने की स्थिति में है तो उसके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी से कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों की सूची संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने निशुल्क साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करने से पहले उसकी गुणवत्ता का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके।



## खबर संक्षेप

### गौ संरक्षण को लेकर जन जागरण कार्यक्रम आज

**मनेन्द्रगढ़।** गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के उद्देश्य से गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत सोमवार 27 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ में भव्य जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान से जुड़े रवि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के प्रति समाज में व्यापक जनजागरूकता पैदा करना तथा शासन-प्रशासन का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना है। राहुल जायसवाल, शिवम श्रीवास, आकाश विश्वकर्मा, अंकित शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रातः 10:30 बजे सभी गौभक्त एवं नगरवासी श्री राम मंदिर, मनेन्द्रगढ़ में एकत्रित होंगे। इसके बाद श्री.राम मंदिर से भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण प्रारंभ होगा। श्रद्धालु गौ माता के सम्मान में जयघोष करते हुए शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से यात्रा निकालेंगे। नगर भ्रमण श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी चौक होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय, एमसीबी पहुंचेगा। वहां अभियान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा गौ सम्मान अभियान से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जाएगी। रवि सिंह ने बताया कि यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक भावना से प्रेरित होकर आयोजित किया जा रहा है।

### महिलाओं ने एक दिन में रोपे 20 हजार पौधे



**बैकुंठपुर।** मोर गांव मोर पानी महा अभियान में हिस्सेदारी करते हुए कोरिया जिले ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा कदम उठाया। कोरिया में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के आवाहन पर जिले की महिलाओं ने एक ही दिन में 20 हजार पौधे लगा दिए और बिना किसी शोर शराबे के बड़ा काम सहज तरीके से पूरा कर दिया गया। इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत किशोरी से हुई जहाँ बच्चों ने चार हेक्टेयर भूमि पर एक हजार फलदार पौधे लगाए। मोर गांव मोर पानी महा अभियान में हिस्सेदारी करने के लिए कोरिया में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित हुआ। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने एक आवाहन किया और स्व सहायता समूह से जुड़ी हजारों महिलाओं ने एक दिन में ही 20 हजार पौधों को लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। जिला पंचायत सीईओ श्री योगेंद्र श्रीवास ने बताया कि भूजल संवर्धन और वर्षा जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का बड़ा महत्व है। इसी कड़ी में कोरिया जिले में समूह से जुड़ी महिलाओं ने जल संरक्षण और कैच द रेन प्रोग्राम को को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रयास करते हुए अपनी निजी भूमि पर भी पौधे लगाकर इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। डिजिटल मीडिया के इस आधुनिक दौर में कोरिया की नारी शक्ति भी बराबरी से भागीदारी कर रही है। इस बार कैच द रेन प्रोग्राम के अंतर्गत लगाए गए 20 हजार पौधों के रोपण के साथ महिलाओ ने डिजिटल जन-जागरूकता अपनाते हुए अपनी पौधरोपण की सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा कर अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यह अन्य लोगों के लिए बेहद प्रेरक रहा।

**जिलेभर के मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में** | 30 से शुरू होगा सावन का पवित्र माह, शिवालयों में उमड़ेगी आस्था की लहर

# 23 साल बाद इस बार सावन सोमवार और नागपंचमी का दुर्लभ संयोग

**बैकुंठपुर।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का सबसे पवित्र और पुण्यदायी महीना सावन 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त तक चलने वाले इस पावन मास को लेकर कोरिया-एमसीबी जिले में धार्मिक उत्साह का माहौल है।

शिवालयों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सजावट और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले के बैकुंठपुर, सोनहत, पटना, खड़गवां, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर सहित जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस बार का सावन धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लगभग 23 वर्षों बाद सावन के सोमवार को नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। धमार्चार्यों के अनुसार ऐसा संयोग भगवान शिव और नागदेव दोनों की संयुक्त कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर माना



जाता है। यही कारण है कि इस बार सावन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सावन माह में प्रतिदिन सुबह से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय मंत्र के जाप का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शिवभक्त बेलपत्र, धतूरा, भांग, आक के फूल, शमी पत्र, गंगाजल, शहद, दही और पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। अनेक श्रद्धालु पूरे महीने व्रत रखेंगे, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु केवल सावन सोमवार का व्रत कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस वर्ष सावन के सोमवार को नागपंचमी का पर्व पड़ने से सोमवती नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। सोमवार भगवान शिव का प्रिय दिन माना जाता है और नागदेव उनके गले का आभूषण हैं। धमार्चार्यों का कहना है कि यह संयोग भगवान शिव और नागदेव दोनों की कृपा प्राप्त करने का उत्तम अवसर है। इस दिन की गई पूजा, दान और व्रत का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक माना गया है।

### ग्रह बाधाओं से मुक्ति का श्रेष्ठ अवसर

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नागपंचमी का दिन कालसर्प दोष, राहु-केतु जनित बाधाओं, पितृ दोष तथा अन्य ग्रह संबंधी कष्टों की शांति के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप और नागदेव की पूजा करने से जीवन में आने वाली अनेक बाधाएं दूर होती हैं तथा सुख-समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु इस अवसर पर अन्न, वस्त्र और अन्य सामग्री का दान भी करेंगे।

### चार सोमवार का रहेगा विशेष महत्व

इस वर्ष सावन में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। प्रत्येक सोमवार को जिले के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा सोमवार 10 अगस्त, तीसरा सोमवार 17 अगस्त, चौथा सोमवार 24 अगस्त और 28 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ सावन माह का समापन होगा।

### कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक की भी रहेगी धूम

सावन के दौरान अनेक शिवभक्त पवित्र नदियों और जल स्रोतों से जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की संभावना है। प्रशासन और मंदिर समितियां भीड़ प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियों में जुटी हुई हैं। धमार्चार्यों के अनुसार सावन केवल पूजा-अर्चना का महीना नहीं, बल्कि संयम, सेवा, दान, तप और आध्यात्मिक साधना का भी पर्व है। मान्यता है कि इस माह में श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य का वास होता है।

# 28 करोड़ राजस्व का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ अब तक सिर्फ 5 करोड़ का राजस्व

राज्य शासन के पंजीयन विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला पंजीयक कार्यालय कोरिया-एमसीबी को कुल 28 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य सौंपा है। यह लक्ष्य केवल बैकुंठपुर जिला पंजीयक कार्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि अविभाजित कोरिया जिले के अंतर्गत वर्तमान एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ और भरतपुर उप पंजीयक कार्यालय भी शामिल है। हालांकि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़े विभाग के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। अप्रैल से जून 2026 तक की समीक्षा में पिछले वर्ष की तुलना में 5 करोड़ 62 लाख 1 हजार 74 रुपए कम राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे में वर्ष के शेष महीनों में 28 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करना विभाग के लिए आसान नहीं होगा। पंजीयन शुल्क राज्य सरकार के लिए राजस्व का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है। इसी कारण विभाग ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। कोरिया और एमसीबी के तीनों कार्यालयों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित समीक्षा और ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है।



पंजीयन कार्यालय कोरिया।

### अंतिम तिमाही से बंधी उम्मीदें

पंजीयन विभाग की सबसे बड़ी उम्मीद वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही पर टिकी हुई है। हर वर्ष फरवरी और मार्च में संपत्तियों की रजिस्ट्री सबसे अधिक होती है, क्योंकि लोग अगले वित्तीय वर्ष में संभावित गाइडलाइन और शुल्क वृद्धि से पहले रजिस्ट्री कराना पसंद करते हैं। इसी कारण अंतिम दिनों में अवकाश के दौरान भी पंजीयन कार्यालय खुले रखे जाते हैं। विभाग को भरोसा है कि वर्ष के अंत तक रजिस्ट्री में तेजी आने से राजस्व संग्रहण में सुधार होगा और 28 करोड़ रुपये के लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी।

# बढ़ती आबादी के बीच शहर में बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ शहर की सबसे बड़ी यातायात समस्याओं में से एक पुराने बस स्टैंड की वर्तमान स्थिति है। वर्षों से शहर के बीच संचालित हो रहा बस स्टैंड अब बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। सबसे अधिक समस्या स्कूल खुलने और छुट्टी होने के समय देखने को मिलती है, जब पूरा क्षेत्र जाम की चपेट में आ जाता है। प्रतिदिन सुबह और दोपहर भगत सिंह तिराहा से लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तिराहे तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इस मार्ग पर बसों, ऑटो, निजी वाहनों, स्कूल बसों और दोपहिया वाहनों की भारी आवाजाही रहती है।

सड़क पर कुछ मिनट का जाम देखते ही देखते आधे घंटे की परेशानी में बदल जाता है। चिंता की बात यह है कि इसी मार्ग पर जिला न्यायालय, अस्पताल, तहसील कार्यालय तथा कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, न्यायालय आने-जाने वाले अधिवक्ताओं और पक्षकारों को परेशानी उठानी पड़ती है तथा तहसील और अन्य कार्यालयों में आने वाले नागरिक भी जाम में फंस जाते हैं।

कई बार एंबुलेंस तक को रास्ता बनाने में कठिनाई होती है, जो गंभीर चिंता का विषय है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर का विस्तार लगातार हो रहा है, लेकिन बस स्टैंड आज भी उसी स्थान पर संचालित हो रहा है, जहां वर्षों पहले यातायात का दबाव बहुत कम था। अब समय की मांग है कि शहर के बाहर पर्याप्त भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस स्टैंड विकसित किया जाए, जिससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बन सके। नगरवासियों का यह भी कहना है कि बस स्टैंड के स्थानांतरण की मांग कई बार उठ चुकी है, लेकिन अब तक यह केवल चर्चा तक सीमित दिखाई देती है। लोगों का सवाल है कि आखिर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग कब ठोस पहल करेंगे? यदि समय रहते इस दिशा में निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले वर्षों में यातायात की समस्या और विकराल हो सकती है। शहर के विकास, नागरिकों की सुविधा और आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अब बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करने पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। नगरवासियों को उम्मीद है कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव शिक्षा, सम्मान और प्रेरणा का उत्सव बन गया। समारोह में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भव्य सम्मान किया गया। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच अतिथियों का तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख इन्द्रा सेंगर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पूरे मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर विद्यार्थी सफलता की नई ऊचाईयां छू सकता है। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेविका अनिता फरमानिया, ब्रह्मकुमारी बहन माधुरी, पर्यावरणविद् सतीश द्विवेदी एवं पार्षद गिरधर जायसवाल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। अतिथियों ने नए एवं पुराने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिष्ठान वितरित कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नीट परीक्षा में चयनित मो. अयाज, ईशान कुमार सिंह, अनुराग मिश्रा, आदित्य अग्रवाल एवं निपुण जैन को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12वीं के वर्तिका वर्मा, शिप्रा तिवारी, प्रीति एवं प्रियान्शु सिन्हा तथा कक्षा 10वीं की सिमी सिंह बघेल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ओलम्पियाड की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा दूसरी की छात्रा दीपाली जैन तथा कक्षा तीसरी के छात्र धैर्य साहू को भी स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम सोरने ने संस्था सचिव संजय सेंगर के निर्देशन में किया। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक वी.एस. पाण्डेय, शिक्षिका अरुणिमा सिंह, शिक्षक राकेश मिश्रा, अरिहंत सोनी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### समरसता संकल्प अभियान कल

**मनेंद्रगढ़।** भाजपा प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले में 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार, 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे गोंडवाना भवन, इमली गोलाई, कोल्ड स्टोर के बगल, डोमनापारा, मनेंद्रगढ़ में किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करना है। प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यशाला में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश से नियुक्त मुख्य वक्ता के रूप में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। विधायक भूलन सिंह मरावी, स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यशाला में गुरु रविदास महाराज के विचारों, सामाजिक समरसता, संगठन की आगामी गतिविधियों तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### धान रोपाई करते हुए ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

**मनेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हसदेव मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण विधानसभा क्षेत्र मनेंद्रगढ़ के बूथ क्रमांक 107 में अनूठे एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। बरसात के मौसम में धान की रोपाई में जुटे ग्रामीणों ने खेत की मेड़ पर एकत्र होकर श्रम और राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। किसानों और ग्रामीणों ने अपने कृषि कार्य के बीच समय निकालकर पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।

# ट्राईब्रेकर में शारदा इलेवन बनी चैंपियन, ट्रॉफी किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

अमर कुंज क्रीड़ा मैदान में आयोजित विधायक कप रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन शनिवार देर रात हुआ।

फाइनल मुकाबले में शारदा इलेवन और फुटबॉल क्लब चिरमिरी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मुकाबले का फैसला ट्राईब्रेकर (पेनाल्टी शूटआउट) से हुआ। ट्राईब्रेकर में शारदा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल क्लब चिरमिरी को पराजित कर विधायक कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राम नरेश राय ने की, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की और विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। फाइनल मुकाबला शुरू से अंत तक रोमांच से भरपूर रहा।

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY, MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology), Laparoscopic Surgeon

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE — हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ, MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON, ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी; किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज; प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज; यौन संबंधी समस्याएं; महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI, MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology), Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों ने हासिल किए 12 मेडल

**अम्बिकापुर।** प्रदेश राइफल एसोसियेशन द्वारा माना सूटिंग रेंज में 11 से 21 जुलाई तक 25 वीं स्टेट सूटिंग चैम्पियनसिप प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा के सूटरों का वर्चस्व कायम रहा, जिले के खिलाड़ियों ने कुल 12 मेडल हासिल किया। राइफल इवेंट ओपन साईट 50 मी. राइफल प्रोन सीनियर पुरूष वर्ग में अदीब सिद्धकी ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी वर्ग के टीम इवेंट में अदीब सिद्धकी, आलोक कुमार सिंह, जावेद खान ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल एवं बन्टी मण्डल, निशांत सिंहदेव, अभिरथ सिंहदेव ने तृतीय स्थान के साथ ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। पीप साईट 50 मी. राइफल प्रोन यूथ पुरूष वर्ग में अलकान फिरदौसी ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ओपन साईट 50 मी. राइफल प्रोन जूनियर पुरूष वर्ग में अभिरथ सिंह देव ने द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल एवं अनफ रजा खान ने तृतीय स्थान के साथ ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इसके साथ पिस्टल इवेंट में सरगुजा के रिनोउंड सूटर एवं कोच सकील फिरदौसी ने 50 मी. पिस्टल इंडीविजुयल सीनियर पुरूष वर्ग एवं 10 मी. पिस्टल इंडीविजुयल मास्टर पुरूष वर्ग के दोनो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस कड़ी में अगामी होने वाले 10 वी. ईस्ट जोन सूटिंग चैम्पियनशिप एवं वीं. जी वी मावलंकर सूटिंग चैम्पियनशिप के लिए अलग अलग वर्गों के लिए सरगुजा से 04 खिलाड़ियो का चयन हुआ है। जिसमें अदीब सिद्धकी, अलकान फिरदौसी एवं सकील फिरदौसी तथा 10 मी. पिस्टल जूनियर मेन के लिए विशेष श्रीवास्तव का चयन हुआ है।

### शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु खिलाड़ियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** सरगुजा में एयर रायफल, पिस्टल व स्माल बोर शूटिंग रेंज की स्थापना की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय रायफल निशानेबाज खिलाड़ियों ने शूटिंग रेंज के स्थापना की मांग की है ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर ना जाना पड़े। राष्ट्रीय रायफल निशानेबाज शकील फिरदौसी के साथ ही अन्य खिलाड़ियों ने कलेक्टर, एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में सरगुजा संभाग में आधुनिक शूटिंग रेंज उपलब्ध नहीं है। इसके कारण खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए रायपुर अथवा अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इससे समय, धन और अवसर तीनों का नुकसान होता है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी पर्याप्त अभ्यास नहीं कर पाते और कई खिलाडी बीच में ही खेल छोड़ने को विवश हो जाते हैं। शूटिंग एक ओलंपिक खेल है तथा देश और राज्य के लिए गौरव दिलाने वाला महत्वपूर्ण खेल है। यदि अंबिकापुर में आधुनिक शूटिंग रेंज स्थापित की जाती है, तो सरगुजा संभाग के युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, नई प्रतिभाएं उभरेंगी तथा भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। साथ ही इस क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने आधुनिक 10 मीटर एयर राइफल-एयर पिस्टल एवं 50 मीटर स्मॉल बोर शूटिंग रेंज की स्थापना के साथ ही अंबिकापुर में आधुनिक शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु उपयुक्त भूमि, निर्माण के लिए आवश्यक बजट, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए नियमित प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। इस दौरान संजय अम्बष्ट, इरफान सिद्दीकी, 12 वर्षीय खिलाड़ी विशेष श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

### राम कृष्ण ओझा बने इंट्यूशन प्रोसेस प्रशिक्षक

**सूरजपुर।** नगर के समाजसेवी, रामायणी, अधिवक्ता एवं कर सलाहकार तथा आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स प्रशिक्षक राम कृष्ण ओझा ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव रविशंकर द्वारा स्थापित बैंगलोर आश्रम में आयोजित 11 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में सफलता पूर्वक सहभागिता सुनिश्चित कर यह उपलब्धि हासिल की है। राम कृष्ण ओझा ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग एक विश्व व्यापी संस्था है जो गुरुदेव के मार्गदर्शन में विश्व के १८० देशों में अपना विस्तार रखते हुए उच्च मूल्यों के साथ दिव्य समाज निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है। आर्ट ऑफ लिविंग में निर्मित कई प्रकार के कोर्स संचालित किए जाते हैं जिसमें कई वर्षों के शोध कार्य के बाद प्रज्ञा योग इंट्यूशन प्रोसेस के परिष्कृत कोर्स की शुरुआत की गई है। विगत 10 वर्षों में लाखों बच्चे इस इंट्यूशन प्रोसेस का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कोर्स के बाद बच्चों में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिलता है। बच्चों में छिपी हुई उच्च प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। इंट्यूशन प्रोसेस के तहत 5 वर्ष से 8 वर्ष तक, 8 वर्ष से 13 वर्ष तक एवं 13 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



## 2 गाय की रस्सी से फंसकर हुई मौत, 10 सुरक्षित

# मवेशी तस्करों का आतंक, दो दिनों के भीतर पकड़े गए मवेशी भरे पिकअप व स्कॉर्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

जिले में मवेशी तस्करी की घटना कम होने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण मवेशी तस्करों के हौसले न सिर्फ बुलंद है बल्कि वाहनों में गाय बैल ठुस ठुसकर बूचड़खाना ले जा रहे है। बतौली में दो दिनों में ग्रामीणों मवेशी भरे पिकअप व स्कॉर्पियो को पकड़ पुलिस को सौंपा है।

**खास बात**
- स्कार्पियो छोड़ भागे तस्कर, दो राज्य के मिले नम्बर प्लेट

जानकारी के अनुसार शनिवार की तड़के बतौली के चेऊरपानी टीरंग मार्ग से गोवंश से भरे पिकअप के चालक बूचड़खाना ले जा रहा था। इसी बीच पिकअप क्रमांक जे एच 01 एफ एक्स 4982 का टायर पंचर हो जाने से चालक मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गया। मवेशी भरे पिकअप को देख ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। जब पिकअप का तिरपाल हटाया तो 11 गाय बछड़ा रस्सियों से बांधकर ठुस ठुस कर भरा हुआ था। डायल 112 के पुलिसकर्मी जितेन्द्र सिंह के समक्ष ग्रामीण सुरेश पैकरा,संजीत, भोठन,गणेश द्वारा रस्सियों को खोलकर गाय बछड़ा को नीचे उतारा गया जिससे 3 गाय मौके से भाग गए जबकि पिकअप में ही रस्सी बांधे गाय के गले में फंसे होने से 2 की मौत हो गई थी।



पिकअप में लोड मृत मवेशी।

6 गाय बछड़ा को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिसका वेटनरी डॉक्टरों से उपचार भी कराया गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर वाहन मालिक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। शनिवार की सुबह पिकअप से 11 गाय बछड़ा बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटा था तभी देर रात्रि ग्रामीणों की सहयोग से स्कॉर्पियो में 1 गाय को बांधकर ले जाया जा रहा था जिसे अंबिकापुर लोगों ने बतौली में पकड़ा गया वहीं अंधेरे का फायदा उठाते हुए स्कॉर्पियो सवार 3 युवक भाग निकले। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर वाहन मालिक की तलाश शुरू कर दी है। जब्त स्कार्पियो वाहन में लगे नम्बर झारखंड एवं वाहन के अंदर रखा नम्बर प्लेट उड़ीसा का है। पुलिस ने नंबर के जांच में जुटी हुई है।

### बतौली में खराब होने पर 5 वाहन पकड़ाए

बतौली में गौ वंश से भरे वाहन के खराब होने पर ही पकड़ाता है। बतौली क्षेत्र में ही अब तक खराब होने के कारण 3 पिकअप, 1 बोलेरो व एक स्कॉर्पियो वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस की सुस्त कार्य प्रणाली से न सिर्फ मवेशी तस्करों के हौसले बुलंद है बल्कि खुलेआम पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ाते लगातार तस्करी किया जा रहा है। मवेशी तस्कर जिले के अन्य क्षेत्र से मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना ले जाया जा रहा है जो जिले के लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### एक माह में 50 से अधिक बछड़े की तस्करी

एनएच 43 कांतिप्रकाशपुर से 1 महीने में 50 से अधिक बछड़े की तस्करी की गई है। तस्करों द्वारा घरों में बंधे गाय बछड़ा सहित सड़क में लावारिस हालत में बैठे लगभग 50 गाय बछड़ों को पिकअप व स्कॉर्पियो में भरकर तस्करी किया जा चुका है। इस मामले में सिर्फ एक दो ग्रामीण द्वारा देखने के बाद भी डर से घर से बाहर नहीं निकले और न ही घटना की शिकायत पुलिस से की है। जिससे मवेशी तस्करों के हौसले बुलंद है।

### ग्रामीणों की कार्रवाई की मांग

बतौली में अब तक 5 वाहनों को खराब होने पर पकड़ा गया है। जितने भी वाहन पकड़े गए है वह ग्रामीणों की सजगता के कारण संभव हो सका। ग्रामीणों ने मवेशियों को तस्करों से आजाद करा कर पुलिस के सुपुर्द किया लेकिन पुलिस पकड़े जाने पर ही करवाई करने का आश्वासन देता है। लेकिन आज तक वाहन मालिकों की गिरफ्तारी नहीं हुई। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जब्त वाहन मालिक सहित मवेशी तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र से मवेशी तस्करी पर अंकुश लग सके।

# एसजीजीयू में आंतरिक मूल्यांकन होगा डिजिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों में सतत आंतरिक मूल्यांकन को प्रभावी पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से सीआईए पोर्टल लागू करने की तैयारी की जा रही है।

- बैठक में पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की दी गई जानकारी

विश्वविद्यालय द्वारा 22 जुलाई को हाइब्रिड मोड़ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, प्राध्यापक शामिल हुए। बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ.रेशमलाल प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत सतत आंतरिक मूल्यांकन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि सीआईए पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों, संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय तीनों को लाभ मिलेगा तथा आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम होगी। कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने सीआईए लागू करने की पहल की सराहना की तथा इसे विश्वविद्यालय की डिजिटल शैक्षणिक व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। यह पोर्टल सतत आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाएगा। सरगुजा संभाग के अधिकांश विद्यार्थी दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के है। कई बार भौगोलिक एवं अन्य परिस्थितियों के कारण वे निर्धारित समय पर परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाते तथा संबंद्ध महाविद्यालय भी समय पर विश्वविद्यालय को अंक उपलब्ध कराने में कठिनाईयों का सामना करते हैं। ऐसे में यह पोर्टल विद्यार्थियों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करेगा तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएगा। सीआइए पोर्टल क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय एवं केआर टेक्निकल कॉलेज के डॉ.रितेश वर्मा ने पोर्टल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को इसकी उपयोगिता तथा संचालन प्रक्रिया से अवगत कराया। अधिकारियों के अनुसार पोर्टल के माध्यम से सतत आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होगी जिससे समय पर परीक्षा एवं अंकों का संप्रेषण किया जा सकेगा।

### भाजपा युवा मोर्चा ने सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**राजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान अंतर्गत वार्ड राइटिंग कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में एक साथ शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। राजपुर मंडल में अभियान की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाने, प्रत्येक वार्ड में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसके सहयोग से सदस्यता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। अभियान के आगामी चरणों में सभी वार्डों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं को भाजपा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान संजय सिंह,विनय भगत, आकाश अग्रवाल, मंगलम पांडेय, राजेश यादव, रोशन गुप्ता, सावंत त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आशीष सोनी, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# पीएमश्री सेजस में बैगलेस डे पर न्योता भोज, दिया गया पूरक आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में प्राचार्या पुष्पा राय के मार्गदर्शन में बैगलेस डे के अवसर पर न्योता भोज तथा पोषण वाटिका निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अतिरिक्त पूरक पोषण आहार प्रदान कर सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ बनाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को ताजी एवं हरी सब्जियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब के प्रभारियों तथा छात्रों के सहयोग से सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए मौसमी व बेलदार सब्जियों के बीज रोपकर पोषण वाटिका का निर्माण कराया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, सरपंच राधा बाई, देवशरण सिंह, जाहिद अली, जीरो बाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।एक दिवसीय विशेष अभियान का निरीक्षण सुरजपुर बीईओ हरेंद्र कुमार सिंह एवं जयनगर संकुल समन्वयक संजय मिश्रा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों के अनुरूप विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को किताबी बोझ से मुक्त रखकर उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल को उभारना था। बच्चों ने कारगिल दिवस एवं अभिभावक दिवस के थीम पर रंग-बिरंगे स्केच और कागजों का उपयोग कर आकर्षक थैंक यू कार्ड्स और शुभकामना संदेश निर्मित किए। नन्हे बच्चों ने स्वयं की बनाई कलाकृतियों को हाथों में लेकर प्रदर्शित कर उनके पीछे छिपी अपनी भावनाएं व्यक्त की। अतिथियों ने बच्चों के मध्य पहुंच उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया। अतिथियों ने नन्हे बच्चों के हुनर, लगन और कल्पनाशक्ति की प्रशंसा कर उन्हें ऐसे रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने हेतु प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका आरती गुप्ता, प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका मोनिका मलिक, अभिभावक हीरामन बरई, रितेश गुप्ता, रविशंकर गुप्ता, प्रीति सोनी, रचना सिंह व विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



### पीएम मोदी के निर्णायक कदम, अनशन समाप्त होने से विपक्ष का भारत विरोधी एजेंडा बेनकाब : ओमप्रकाश

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। वे केवल देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते थे। जब सरकार ने समस्या के जड़ से समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम किया, तो इण्डी गठबंधन का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया।



# केन्द्रीय मंत्री के इस्तीफे उपरांत कांग्रेस ने निकाली रैली, मनाया जश्न

**अंबिकापुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के उपरांत सरगुजा ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को राजीव भवन से संगम चौक तक रैली निकालकर आतिशबाजी कर इस्तीफे के जश्न मनाया। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस सहित पूरे देश मे छात्र आंदोलनरत थे। सरकार के अडिग रहने के कारण कांग्रेस ने आज पूरे देश के जिला मुख्यालय में मशाल रैली निकालने का निर्णय लिया था। हालांकि उसके पूर्व ही मांग पूर्ण होने पर कांग्रेस ने इसे विजय रैली का स्वरूप दे दिया। रैली उपरांत पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि अनगिनत पेपर लीक के कारण छात्रों की आत्महत्या होने से पूरे देश मे छात्रों, उनके अभिभावकों और सामान्य नागरिकों में रोष था, नतीजा इस आंदोलन के रूप में उभरा जिसका बर्बरतापूर्ण तरीके से मोदी सरकार ने दमन का प्रयास किया। सरकार अगर इस्तीफे पर पहले निर्णय ले लेती तो उसकी इज्जत बच जाती। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि नीट पेपर लीक के उपरांत पेपर लीक, शिक्षा, रोजगार जैसे विषयों को लेकर हमारे सर्वोच्च नेता राहुल गांधी और कांग्रेस ने छात्र आंदोलन की नींव रखी और आज उस आंदोलन में एक प्रतीकात्मक विजय प्राप्त हुई है, लेकिन सुधार के रास्ते मे लंबा रास्ता बाकी है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि देश मे छात्रों ने अपनी एकजुटता से एक ऐतिहासिक आंदोलन किया जिसके नतीजे में सरकार को झुकना पड़ा है। पेपर लीक में अपनी जान गवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि देते हुए मैं छात्र एकता और उसकी सफलता को सलाम करता हूँ। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा से हमे यह नहीं मान लेना चाहिए कि यह सरकार शिक्षा और रोजगार को लेकर गंभीर होगी। यह एक छोटा कदम है, कांग्रेस युवाओं के हित में लड़ाई जारी रखेगी। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार के इस कदम से युवाओं का शिक्षा व्यवस्था में विश्वास कायम होगा, ऐसा होता नहीं दिखाई देता। इस सरकार ने दबाव में यह कदम उठाया है। इस सरकार से ज्यादा उम्मीद नहीं है। विजय रैली के दौरान कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के प्रमुख और उनके पदाधिकारी मौजूद थे।



### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

**राजपुर।** देशभर में छात्रों के आंदोलन के बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव के नेतृत्व में विजय जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने सभा आयोजित कर इसे छात्र हितों की बड़ी जीत बताया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिहर यादव ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों के भविष्य को लेकर परीक्षाओं में पारदर्शिता और ठोस नीति की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से छात्रों के हित में बेहतर निर्णय लिए जाने की उम्मीद बढ़ी है तथा सरकार को शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, नीरज तिवारी, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, समीर सिंहदेव, डॉ. बीएन द्विवेदी, लालसाय मिंज, रामदेव जगते, सुरेश सोनी, बृजेश मिश्रा, राजा चौबे, मनोज अग्रवाल, राजेश यादव, प्रमोद ठाकुर, रूपेश यादव, प्रशांत विश्वास, कृपाशंकर, अरुण दास, विनोद मेहता, विकास अंबष्ट, सुनील भगत, आनंद मसीह, दिनेश सोनवानी, संतोष सोनी, संजीत सोनी, पंकज ठाकुर, कौशल चौबे, संजीव गुप्ता, मुजाहिद अंसारी, शाहिद, सुदामा राजवाड़े, पंकज जायसवाल, विभु जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सामान्य सभा में विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने की। बैठक की शुरुआत सीईओ संजय कुमार दुबे ने पिछली सामान्य सभा की कार्रवाई का संक्षिप्त वाचन किया। विधायक के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्यों, सोक पिट, रिचार्ज पिट, एससीटी, मुक्तिधाम, सामुदायिक शौचालय और अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्वीकृति एवं प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना के तहत 30 जून से 30 अगस्त तक चल रहे कार्यों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती की जानकारी प्रस्तुत की। शिक्षा विभाग ने भवनहीन विद्यालयों, शिक्षकों की उपलब्धता, कक्षा पहली, छठवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश की स्थिति तथा छात्राओं को साइकिल वितरण की जानकारी दी। पशु चिकित्सा विभाग ने पशुओं के टीकाकरण, गाय एवं चूजा वितरण कार्यक्रम की प्रगति बताई। कृषि विभाग ने किसानों को धान एवं दलहन बीज वितरण, खाद उपलब्धता तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की स्थिति से अवगत कराया। वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय, प्रभावित ग्रामीणों को सहायता, पौधरोपण और तेंदूपत्ता संग्रहण की जानकारी साझा की। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत कार्ड, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन के प्रयोग तथा पीएम जनमन योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। वहीं उद्यानिकी विभाग ने पौधों की उपलब्धता तथा जल संसाधन विभाग ने डैम एवं स्टॉप डैम की मरम्मत और जल संरक्षण योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। बैठक के समापन पर विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य कमला प्रसाद सिंह व जनपद सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## जिले के 8 निरीक्षकों के तबादले के बाद कई प्रमुख हुए प्रभारीविहीन

**बिश्रामपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी हालिया तबादला आदेश के बाद सूरजपुर जिले की पुलिस व्यवस्था प्रभावित होती नजर आ रही है। जिले से आठ निरीक्षक (टीआई) स्तर के अधिकारियों का अन्य जिलों में तबादला कर दिया गया है, जबकि उनकी जगह अब तक केवल एक निरीक्षक की पदस्थापना की गई है। इसके चलते जिले के कई प्रमुख थाने फिलहाल प्रभारी विहीन होकर प्रभार व्यवस्था के तहत संचालित हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार स्थानांतरण आदेश के बाद संबंधित निरीक्षकों को कार्यमुक्त कर नए पदस्थापन स्थल के लिए रवाना भी कर दिया गया है। ऐसे में सूरजपुर कोतवाली, बिश्रामपुर, जयनगर, रामानुजनगर, भैयाथान, आजाक थाना तथा महिला परामर्श केंद्र सहित कई इकाइयों में नियमित थाना प्रभारी मौजूद नहीं हैं। प्रभारी विहीन होने से थानों के प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था के संचालन पर भी असर पड़ने की चर्चा है। स्थानीय स्तर पर पुलिस कर्मियों के बीच समन्वय और अनुशासन बनाए रखने की चुनौती भी बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस मुख्यालय से निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों की एक और बड़ी स्थानांतरण सूची जारी होना बाकी है। माना जा रहा है कि उसके बाद रिक्त पदों पर नई पदस्थापनाएं की जा सकती हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि हालिया तबादला सूची में बस्तर संभाग में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों को अन्य जिलों में भेजने और शहरी क्षेत्रों में लंबे समय से कार्यरत कुछ निरीक्षकों की बस्तर में पदस्थापना करने का निर्णय लिया गया है। डीजीपी स्तर पर समीक्षा के बाद जारी इस आदेश के अनुपालन में संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर नई पदस्थापना के लिए रवाना कर दिया है। हालांकि, रिक्त पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती नहीं होने से सूरजपुर जिले की पुलिस व्यवस्था फिलहाल अंतरिम व्यवस्था के सहारे संचालित हो रही है।

- डीजीपी स्तर की समीक्षा के बाद जारी हुआ था तबादला आदेश, रिक्त पदों पर नई पदस्थापना होनी बाकी
- पुलिसकर्मियों के बीच समन्वय व अनुशासन बनाने की बनी चुनौती

## खबर संक्षेप




### भाजयुमो जिला प्रभारी के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**अम्बिकापुर।** भाजयुमो के नवनियुक्त प्रभारी सन्नी केसरी के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत पश्चात जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सबसे ऊर्जावान शक्ति है। संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता अनुशासन, समर्पण और सक्रियता के साथ बूथ स्तर तक कार्य करें। जिला प्रभारी सन्नी केसरी ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है और आगामी समय में संगठन को और अधिक धार देने के लिए हम सबको मिलकर बूथ स्तर तक काम करना होगा। कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस और युवाओं तक पहुंचाएं। जिला अध्यक्ष निशांत सिंह सोलू ने बैठक की कार्ययोजना एवं उससे संबंधित जानकारी रखी बैठक में आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना मुख्य रूप से वन बूथ 20 यूथ से संबंधित चर्चा की और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, विकास पाण्डेय, जन्मेजय मिश्रा, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, ऋषु अंबष्ट, चंद्रप्रकार, अभिषेक सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### कार्यशाला में जिला एवं सत्र...

सजा वाले मामलो में चेक लिस्ट के नियमो का पालन करें, गिरफ्तार किये जाने वाले व्यक्ति को गिरफ़्तारी का कारण लिखित में अवश्य दिया जाए, केश डायरी में विवचना की कार्यवाही विस्तृत लेख किया जाए, पशु क्रूरता के मामलो में विवेचना हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए, खात्मा खरीजी के प्रकरणों में विक्टिम को माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित रखा जाए जिससे प्रकरणों का निकाल किया जा सके। एसटी एससी एक्ट में कार्यवाही करते समय वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए, एनडीपीएस के प्रकरणों में तौल मात्रा का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है, जप्त प्रदर्शो को मालखाना में रखने, जांच हेतु भेजनें की जानकारी केश डायरी में उल्लेख करें, नोटिस की तमिली हेतु सार्थक प्रयास करने सहित जमानती वारंट की तामिली हेतु नियमो की जानकारी प्रदान की गई। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड ने विवेचको को जेजे एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जब किसी बालक द्वारा अपराध किये जाने की सूचना प्राप्त होती है तो पुलिस टीम घटनास्थल पर सादी वर्दी में उपस्थित हो, साथ ही विधि से संघर्षरत बालक के मामलो में बालको की सामाजिक पृष्ठभूमि भरकर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, साथ ही संरक्षित किये जाने योग्य मामले में बोर्ड के समक्ष तय समय के भीतर प्रकरण प्रस्तुत किया जाए, थाना चौकी में चाइल्ड फ्रेंन्डली वातावरण तैयार किया जाए, गुम नाबालिग के मामलो में ह्यूमन ट्रैफिकग सेल को जानकारी देकर मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाए। कार्यशाला के अंत में एसएसपी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपस्थित अन्य न्यायाधीशो द्वारा विवेचको को दिए गए प्रशिक्षण के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया एवं विवेचको को दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किये जाने मौके पर निर्देशित किया गया। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, डीएसपी राकेश बघेल, एसडीओपी ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, डीएसपी अजाक सुरेश भगत, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

### अब स्कूल में ही कराई जाएगी...

ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, इसलिए प्रारंभ से ही सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए ताकि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके तथा आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए और पढ़ाई से संबंधित गतिविधियों की सतत समीक्षा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने भवन विहीन एवं विद्युत विहीन विद्यालयों की जानकारी लेते हुए उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक कार्यवाही कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी पात्र विद्यार्थियों को समय पर पर्याप्त संख्या में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने 15वें वित्त की स्वच्छता मद से जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को सेनेटरी पैड प्रदाय कराने एवं बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा, सभी बीईओ, प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हर विषय में 20-20 सीटें स्वीकृत, विवि के सभी भवन अधूरे

# एसजीजीयू चालू सत्र से शुरू करेगा 15 विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उच्च शिक्षा विभाग ने संत गहिरा गुरू विवि को शिक्षण विभाग अंतर्गत चालू सत्र से 25 नए विषयों के संचालन की अनुमति दे दी है लेकिन अभी तक सेटअप की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। विवि प्रबंधन ने शीघ्र सेटअप की स्वीकृति मिलने की उम्मीद में नए विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

**खास बात**
- कक्षाओं के संचालन हेतु विवि तलाश रहा खाली शासकीय भवन

संत गहिरा गुरू विवि पिछले कई वर्षों से नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की अनुमति मांग रहा था। विवि प्रबंधन की पहल पर शासन ने चालू शिक्षा सत्र से 25 नए विषयों के संचालन की अनुमति प्रदान की थी। इनमें कई विषय तकनीकी होने के कारण संबंधित संस्थानों की संबद्धता के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता लिहाजा विवि द्वारा 15 विषयों की कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने तक शासन द्वारा सेटअप की स्वीकृति प्रदान नहीं करने के कारण चालू सत्र से इन विषयों के संचालन को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी थी। शासन से निकट भविष्य में सेटअप की स्वीकृति मिलने की उम्मीद में हाल ही में विवि द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है तथा प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। विवि द्वारा लम्बे समय से यूटीडी अंतर्गत फार्मेसी, कम्प्यूटर साइंस, विधि, प्रयोजन मूलक हिन्दी, फार्म एण्ड फॉरेस्ट्री विभाग की कक्षाएं संचालित की जा रही है। स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए विवि प्रबंधन लम्बे समय से शिक्षण विभाग का विस्तार करने के उद्देश्य से नवीन विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की पहल कर रहा था। विवि ने नए विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया है ताकि क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के साथ ही शोध का अवसर मिल सके। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में कला एवं वाणिज्य विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सुविधाएं हैं लेकिन विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण उन्हें निराश होना पड़ता है। विवि के शिक्षण विभाग में विभिन्न विषयों का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित होने से स्थानीय छात्र-छात्राओं को काफी सुविधाएं होगी तथा आसानी से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर सकेंगे।




### शुरू होगी 15 विषयों की कक्षाएं

विवि प्रबंधन ने चालू सत्र से ग्रामीण प्रौद्योगिकी, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स , ललित कला, अंग्रेजी, मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन, वाणिज्य, भूगोल, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, हिन्दू अध्ययन की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इनमें कई विषय ऐसे हैं जिनके अध्ययन की सुविधा छत्तीसगढ़ में कही भी नहीं है जबकि कई विषयों के अध्ययन की सुविधा सरगुजा संभाग में नहीं है। अधिकारियों ने बताया सभी विषयों में बीस-बीस सीटें निर्धारित की गई है। विवि में इन विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण अध्ययन के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

### कक्षाओं के लिए नहीं है भवन

वर्तमान में यूटीडी अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग का संचालन विवि के पुराने भवन में किया जा रहा है जबकि अन्य विभागों का संचालन उधार के भवन में किया जा रहा है। नए विषयों की कक्षाओं के लिए कम से कम कमरों की जरूरत पड़ेगी। विवि के अकादमिक भवन सहित अन्य सभी भवन अधूरे पड़े हैं। अकादमिक भवन में कुछ कमरे तैयार हैं लेकिन अभी प्लास्टर नहीं हो सका है। इन कमरों को उपयोगी बनाने के लिए राशि की जरूरत पड़ेगी। शासन द्वारा विवि को भवन निर्माण के लिए बजट में 5.5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन विवि ने इस राशि से पुराने कार्यालय में बहुपयोगी शैक्षणिक भवन बनाने का निर्णय लिया है। नए विषयों की कक्षाएं संचालित करने के लिए विवि खाली शासकीय भवनों को तलाश रहा है।

### चल रही है प्रक्रिया

नए विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। सेटअप की शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। नए विषयों की कक्षाओं के लिए खाली शासकीय भवन की तलाश की जा रही है।

-प्रो.राजेन्द्र लकपाले
कुलपति, एसजीजीयू

## अस्पताल ट्रेन- लाइफ लाइन एक्सप्रेस अगस्त में फिर पहुंचेगी बिश्रामपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित लाइफ लाइन एक्सप्रेस (हॉस्पिटल ट्रेन) एक बार फिर बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। छह डिब्बों वाली यह अत्याधुनिक अस्पताल ट्रेन 14 अगस्त को बिश्रामपुर पहुंचेगी, जबकि 15 अगस्त से 14 सितंबर तक एक माह का विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।

- 15 अगस्त से 14 सितंबर तक लगेगा विशेष स्वास्थ्य शिविर
- रेलवे ने प्लेटफार्म नंबर 2 में एक माह के ठहराव की अनुमति दी

रेलवे मंडल कार्यालय (डीआरएम) की तरफ से जारी पत्र के अनुसार लाइफ लाइन एक्सप्रेस को बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर एक माह तक ठहराने की अनुमति दी गई है। शिविर के सफल संचालन के लिए रेलवे प्रशासन ने बिजली, पानी, बैटरी चार्जिंग, रैक की सुरक्षा, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विभिन्न अधिकारियों को सौंपी है। ये अधिकारी जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर शिविर के संचालन में सहयोग करेंगे। शिविर के दौरान आंखों की सर्जरी, कान-नाक-गला (ईएनटी) से संबंधित ऑपरेशन, बच्चों की जन्मजात विकृतियों की सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, दंत चिकित्सा तथा स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच और जागरूकता जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि लाइफ लाइन एक्सप्रेस एक चलती-फिरती अत्याधुनिक अस्पताल ट्रेन है, जिसमें आधुनिक ऑपरेशन थिएटर और आवश्यक चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध हैं। बिश्रामपुर में इससे पहले भी करीब आधा दर्जन बार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ दूर दराज के कई हजार मरीजों ने उठाया है।लाइफ लाइन एक्सप्रेस के पुनः आगमन से बिश्रामपुर सहित सूरजपुर और आसपास के जिलों के जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है।



## नपं के दो मनोनीत एल्डरमैन को दिलाई गई पद की शपथ

**राजपुर।** नगर पंचायत के सभा कक्ष में मनोनीत एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल शामिल हुए।

- नगर विकास के लिए मिलकर कार्य करने का लिया संकल्प

एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन मनोज बंसल एवं पंकज गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद दोनों एल्डरमैन ने नगर के सर्वांगीण विकास, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि नगर पंचायत का समग्र विकास जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और जनता के आपसी समन्वय से ही संभव है। उन्होंने नव मनोनीत एल्डरमैनों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि लंबे समय के इंतजार के बाद राजपुर नगर पंचायत को मनोनीत एल्डरमैन मिले हैं। इससे नगर पंचायत के विकास कार्यों में नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर नगर के विकास और जनकल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रविंद्र लाल, जवाहर पैंकरा, संजय सिंह, निर्मला शर्मा, नेहा चौबे, महेन्द्र कुमार गुप्ता, दीप कुमारी पैंकरा, अंजू भगत, सुनील अग्रवाल, भगवती भगत, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## घुनघुट्टा नदी में नहाने गया 10 वर्षीय बालक तेज बहाव में बहा, तलाशी अभियान में दूसरे दिन सुबह मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया 10 वर्षीय मासूम तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया,रविवार की सुबह उसका शव घटनास्थल से करीब 3 सौ मीटर दूर रेड़ नदी और घुनघुट्टा नदी के संगम के पास मिलने से पूरे गांव में मातम छा गया। इस हृदयविदारक घटना ने परिजनों समेत पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया।

- ग्राम कुंजनगर में शोक का माहौल

गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंजनगर निवासी 10 वर्षीय बालक योगेंद्र राजवाड़े पिता देवधन राजवाड़े शनिवार शाम को साइकिल से घर से निकला था। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमते-घूमते ग्राम हर्राटिकरा और कोरेया के बीच स्थित



घुनघुट्टा नदी के किनारे पहुंच गया,नदी किनारे पहुंचकर उसने अपनी साइकिल खड़ी की और कपड़े उतारकर नहाने के उद्देश्य से नदी में छलांग लगा दी,बताया जा रहा है कि योगेंद्र को इस बात का अंदाजा नहीं था कि बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ चुका है और पानी का बहाव तेज है। नदी में उतरते ही वह तेज धारा की चपेट में आ गया। उसने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते वह पानी में बह गया। यह दृश्य देखकर उसके साथ मौजूद दोनों दोस्त घबरा गए। वे भागकर गांव पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना की खबर मिलते ही जयनगर पुलिस भी नदी किनारे पहुंची और ग्रामीणों के साथ बालक की तलाश शुरू की गई। हालांकि अंधेरा होने और नदी में तेज बहाव के कारण शनिवार रात उसे खोज पाना संभव नहीं हो सका। रविवार सुबह योगेंद्र का शव घटनास्थल से लगभग 3 सौ मीटर दूर रेड़ नदी और घुनघुट्टा नदी के संगम के पास मिला,शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।




### धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**अंबिकापुर।** ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल सकालो में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मां सरस्वती के प्रतिमा में दिप जलाकर साथ ही बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुह मिठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रवेश उत्सव प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा एक पेंड मां के नाम लगाया। संस्था के डायरेक्टर अविनाश सिहं चंदेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ योग और खेल में भी अपना पूर्ण योगदान देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने मोबाईल फोन का कम उपयोग करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक जगदीस प्रसाद, पूनम सिहं, सुमन, अंजली, मनिषा, बबली, माधुरी, आभा, सोना, प्रिया, रेश्मा मौजूद थे।

## सीबीएसई फार ईस्ट जोन हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन, सम्मानित हुए विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन हैण्डबॉल प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। चार दिवसीय खेल महोत्सव में असम, छत्तीसगढ़, ओड़िशा एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का समापन ननि के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, सीनियर एडवोकेट संजय अम्बष्ट एवं छत्तीसगढ़ राज्य हैण्डबॉल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद इमरान अली के आतिथ्य एवं संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी, सीबीएसई के खेल आब्जर्वर संतोष बेहुरा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी की उपस्थिति में किया गया।



समारोह में हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में शिक्षा का स्तर बेहद ऊपर है। बच्चे खेलकर वापस जाएंगे तो ओपीएस के बेहद उच्च स्तर को याद करेंगे। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग में द ग्रेट इंडिया पब्लिक स्कूल रायपुर ने प्रथम, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल द्वितीय, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट तृतीय स्थान तथा उत्तर इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालक वर्ग में केसी पब्लिक स्कूल ब्रह्मापुर प्रथम, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल द्वितीय, उत्तम इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल गोपालपुर प्रथम, रीवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद द्वितीय, सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर तृतीय तथा ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल चतुर्थ स्थान पर रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल मधुकुंडा द्वितीय, रीवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद तृतीय तथा सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट प्रथम, साऊथ प्वाइंट हाई स्कूल कोलकाता द्वितीय, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल तृतीय तथा कृष्णा पब्लिक स्कूल बिलासपुर चतुर्थ स्थान पर रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में केसी पब्लिक स्कूल ब्रह्मापुर प्रथम, ज्ञान विकास स्कूल गंजम द्वितीय, आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर तृतीय तथा विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता टीम केसी पब्लिक स्कूल ब्रह्मपारा के आर्यन साहू को विषम परिस्थितियों में शानदार गोल करने के लिए विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.अईए खान सूरी ने एक हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## सारासोर जंगल में झोपड़ी बनाकर रह रहे ग्रामीण को पटककर दंतैल ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सारासोर जंगल में मवेशियों के साथ रह रहे ग्रामीण की हाथियों ने कुचलकर जान ले ली। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने स्थल पर ही मृतक का पीएम कराया तथा परिजन को बुलाकर शव सौंपने के साथ 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की।

**खास बात**
- लम्बे समय से मवेशियों के साथ जंगल में रह रहा था ग्रामीण

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम खड़ौली निवासी संधारी पण्डो पिता मंगल साय पण्डो (58वर्ष) लम्बे समय से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत पर्यटन स्थल सारासोर के जंगल में झोपड़ी बनाकर रह रहा था। वह अपने गांव से बड़ी संख्या में मवेशियों को लाया था तथा पूरे दिन मवेशियों को जंगल में चराता था। वह अक्सर मवेशियों को



झोपड़ी के पास बांधकर रात में अपने घर खड़ौली चल जाता था सुबह वापस सारासोर लौट आता था। जंगल में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध चराई की सूचना पर विभाग ने पूर्व में उसे नोटिस भी जारी किया था जिसे संधारी ने गंभीरता से नहीं लिया। वनकर्मियों ने उसे सारासोर जंगल में हाथियों के मौजूद होने का हवाला देकर अपने घर लौटने की समझाईश दी। समझाइश पर वह मवेशियों के साथ वापस घर लौटने का आश्वासन देता रहा। शनिवार को संधारी अपने मवेशियों को झोपड़ी के पास बांधकर सो रहा था। इस दौरान तड़के 3 बजे जंगल में भ्रमण कर रहे दो हाथी पहुंचे एवं झोपड़ी को ढहाने लगे। शोर सुनकर संघारी की नींद खुली तो वह हाथियों से बचने के लिए बाहर निकलकर भागने की कोशिश कर ही रहा था कि एक दंतैल ने उसे अपनी सूंड से पकड़कर पटककर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने संधारी का शव देखा तो वन अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी उत्तम मिश्रा सहित अन्य वन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा वस्तुस्थिति की जानकारी ली। घटना की जांच उपरांत वन अधिकारियों ने स्थल पर ही मृतक का पीएम कराया तथा परिजन को सूचना दी। परिजन के पहुंचने पर परिक्षेत्राधिकारी ने मृतक के परिजन को शव सौंपने के साथ ही 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की। परिजन ने शनिवार को ही पास के ग्राम खड़ौली स्थित महान नदी तट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया।




